मैनुअल के बारे में

यह मैनुअल जल संरक्षण और प्रबंधन पर सहज उपलब्ध सामग्री की सहायता से तैयार किया गया है।

इस प्रशिक्षण मैनुअल का उद्देश्य

जल संरक्षण जल के कुशलतापूर्वक उपयोग के लिए की गई कार्रवाई को उल्लेखित करता है और इसके दो भाग हैं : जल संसाधनों का संरक्षण – कुशल प्रबंधन, भंडारण, प्राकृतिक जल का आवंटन और स्थानांतरण तथा जलापूर्ति संरक्षण – न्यूनतम नुकसान के साथ वितरण और बिना बर्बादी के उपयोग।

जल संरक्षण जागरूकता (डब्ल्यूसीए) जल को निकालने से लेकर उपयोग तक के हर स्तर पर कुशलतापूर्वक प्रयोग की आवश्यकता की एक समझ है जो जल प्रबंधन और उपयोग के संबंध में प्रवृत्ति और व्यवहार में बदलाव लाने को प्रोत्साहित करती है। यह प्रशिक्षण मैनुअल इस विषय पर ज्ञान तकनीकों के साथ–साथ अभ्यास भी प्रदान करता है। भविष्य में इसका उपयोग एनआइएच और जल संसाधन मंत्रालय के अधीन आने वाले अन्य विभागों के द्वारा प्रशिक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के समन्वय के लिए होगा।

पूरी पुस्तक में आपको मार्गदर्शन के लिए इस तरह के प्रतीक/बॉक्स मिलेंगे –



क्या आप जानते हैं

कार्यकलाप

कार्यकलाप

पढ़ें और दोहराएं

टिप

मैनुअल में दी गयी सामग्री का अवलोकन

इस मैनुअल में 14 मॉड्यूल हैं। प्रत्येक मॉड्यूल में चयनित विषय पर प्रशिक्षण देने में प्रशिक्षक को सहायता देने के लिए उपकरण दिए गए हैं। प्रत्येक मॉडयूल की शुरुआत में उसका उद्देश्य दिया गया है। अंत में पढने के लिए प्रत्येक मॉडयूल का एक त्वरित

पुनर्कथन भी दिया गया है। 14 मॉडयूल इस प्रकार हैं :

मॉड्यूल 1– पर्यावरण में जल

मॉड्यूल 2 – कितना जल

मॉड्यूल 3– चरम घटनाएं और आपदाएं

मॉड्यूल 4 – जल प्रदूषण

मॉड्यूल 5– जल अंकेक्षण (ऑडिट)

मॉड्यूल 6 – जल प्रबंधन

मॉड्यूल 7– जल संरक्षण

मॉड्यूल 8– जल संरक्षण तकनीकें

मॉड्यूल 9– जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए तकनीकें

मॉड्यूल 10– पारंपरिक ज्ञान और सीख

मॉड्यूल 11– सफलता की कुछ कहानियां

मॉड्यूल 12– जल से संबंधित योजनाएं और कार्यक्रम

मॉड्यूल 13– क्षेत्र अनावरण

मॉड्यूल 14– मूल्यांकन

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक मॉड्यूल के बाद, उस मॉड्यूल से संबंधित विषय पर आधारित एवी क्लिप को प्रदर्शित करने के लिए 15 मिनट निर्धारित किये गए हैं। चूंकि देखना विश्वास करने से अधिक प्रभावकारी होता है, इसलिए इन क्लिपों को प्रशिक्षकों को मॉड्यूल में बताए गए विषयों को बेहतर ढंग से समझने में सहयोग के लिए चयनित किया गया है। प्रत्येक मॉड्यूल के क्लिप की सूची संलग्नक के रूप में दी गई है।

मैनुअल में प्रशिक्षकों के उपयोग के लिए एक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सुझाया गया है हांलाकि, इसे विभिन्न अवधि के प्रशिक्षण सत्र/प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अनुकूल बनाया जा सकता है। पूरे मॉडयूल के उपयोग हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संलग्नक के रूप में दिया गया है।